# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
## Dist.-Bilaspur (C.G.)

**NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015**

**E-Mail ID.** : gnkckota@gmail.com    **Telephone No** : 07753-253210
**Website** : https://gnkckota.ac.in    **Special College Code** : 2809
**AISHE Code** : C-22387

==================================================================

**DATE : 13.08.2021**

## COVID-19 AWARENESS PROGRAMME
## कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम

कोरोना वायरस के संक्रमण के बदलते स्वरूप डेल्टा एवं ओमिक्रॉन वैरिएंट को पहचानने और कोरोना को लेकर लोगों में फैली विभिन्न भ्रांतियों एवं अंधविश्वासों को दूर कर कोविड से बचाव के उपायों की जानकारी के प्रसार के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबंध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की यूथ रेड क्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 13.08.2021 को कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के अध्यक्ष और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एल. काशी ने कोरोना के बदलते स्वरुप और इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों से संबन्धित व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी प्रदान की. कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं कोरोना को लेकर विभिन्न वर्गों में फैली भ्रांतियों को दूर करने हेतु स्वयंसेवकों के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की. इसके पश्चात विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया गया. इस जनजागरूकता कार्यक्रम में 46 रासेयो स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur (C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
## Dist.-Bilaspur (C.G.)

**NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015**

**E-Mail ID.** : gnkckota@gmail.com
**Website** : https://gnkckota.ac.in
**Telephone No** : 07753-253210
**Special College Code** : 2809
**AISHE Code** : C-22387


**DATE : 28.08.2021**

## BETI BACHAO BETI PADHAO PROGRAM
## (बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम)

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो बी. एल. काशी ने ध्वजारोहण कर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) जो 22 जनवरी 2015 में हरियाणा के पानीपत में लॉन्च की गई थी. आज बेटियां देश के सभी क्षेत्रों में सर्वोच्च पदों पर आसीन होकर अपना नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बताया कि सरकार द्वारा बेटियों की रक्षा हेतु संचालित कार्यक्रम के संबंध में बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य हरियाणा सहित देश मे लिंगानुपात को कम करना, व स्त्री-पुरुष में व्याप्त भेदभाव व असामनता को दूर करना है। इस जनजागरूकता कार्यक्रम में 42 रासेयो स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur (C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
## Dist.-Bilaspur (C.G.)

NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015

E-Mail ID. : gnkckota@gmail.com Telephone No : 07753-253210

Website : https://gnkckota.ac.in Special College Code : 2809

AISHE Code : C-22387


==========================================================================

**DATE : 28.09.2021**

**FOOD AND NUTRITION AWARENESS MPUS PROGRAMME**

<u>(पोषण आहार के लिए जागरूकता कार्यक्रम)</u>

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा दिनाँक 28.09.2021 को पोषण आहार के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने ने भोजन की पौष्टिकता के महत्व प्रकाश डालते हुए कहा कुपोषण प्रकृतिदत्त नहीं होता यह हमारी अनदेखी का परिणाम है। हमारी रसोई ही पोषक तत्वों का भंडार है। हरी सब्जी, सलाद, दूध, दाल, रोटी शरीर के पोषण की सारी आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। इनका सेवन ना करने से गर्भस्थ शिशु, माता व नवजात से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण दिखाई देता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं 48 स्वयं सेवकों की सक्रिय सहभागिता रही.

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur (C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
# Dist.-Bilaspur (C.G.)

NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015

E-Mail ID. : gnkckota@gmail.com
Website : https://gnkckota.ac.in

Telephone No : 07753-253210
Special College Code : 2809
AISHE Code : C-22387


==================================================================

**DATE : 30.10.2021**

## VIGILANCE AWARENESS WEEK
## (सतर्कता जागरूकता सप्ताह)

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देश के अनुसार दिनांक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2021 तक "स्वतंत्र भारत @ 75: सत्यनिष्ठा से आत्म निर्भरता" विषय के साथ आयोजित किया गया.

प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत सरकार के समृद्ध भारत निर्माण के दृष्टिकोण के अनुरूप देश के अग्रणी सत्यनिष्ठ संस्थान केन्द्रीय सतर्कता आयोग का यह प्रयास है कि लोगों के बीच सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रोत्साहित किया जाए. उन्होंने सभी से सामाजिक जीवन व कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता व सत्यनिष्ठा का पालन करने का आव्हान किया और महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई..

कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने सभी से अनुशासित सिपाही की तरह ईमानदारी और सतर्कता के साथ कार्य करते हुए समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान करने की अपील की. उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में अखंडता को बढ़ावा देने के लिए तथा देश के लिए समर्पण की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए प्रतिवर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जाता है। सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए समझदारी से किया गया सामूहिक प्रयास ही हमारी संस्था, समाज और देश को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचा सकता है.

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur(C.G.)

===============================================================

**DATE : 31.10.2021**

## AWARENESS CAMPAIGN FOR FREEDOM FROM SINGLE USE PLASTIC
## (सिंगल यूज प्लास्टिक से आजादी के लिए जन जागरूकता अभियान)

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, डॉ. सी.वी.रमन विश्वविद्यालय, सी.एस.आर महाविद्यालय, शासकीय डी.के.पी. उ.मा. विद्यालय तथा शासकीय उ. मा. विद्यालय सलका नवागांव की रा.से.यो. इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में कोटा नगर में प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए सामूहिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया.

डॉ. सी.वी.रमन विश्वविद्यालय के रा.से.यो. समन्वयक डॉ. जय शंकर यादव ने सर्वप्रथम राष्ट्र की एकता को बनाए रखने और आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान सुनिश्चित करने को लेकर स्वयंसवेकों को शपथ दिलाई और सरदार पटेल के भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और उनकी की दूरदर्शिता के द्वारा संभव हुए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने और सिंगल यूज प्लास्टिक से आजादी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वयंसवेकों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया और प्लास्टिक पर निर्भरता कम करने एवं प्लास्टिक बैग के बजाय जूट व कपड़े के थैलों का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वच्छ भारत के संदेश को अपने गांवों में और अन्य युवाओं के साथ भी फैलाएं और इसे प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए एक जन आंदोलन बनाएं। कार्यक्रम अधिकारी विक्रम धर दीवान एवं शिवशंकर नामदेव ने स्वयंसेवकों को बताया कि स्वच्छता सबसे जरूरी है और स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है. हम सभी का दायित्व है कि अपने घर, आसपास के क्षेत्र व अपने शहर को स्वच्छ रखें.

इस अभियान के अंतर्गत जय स्तंभ चौक कोटा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगर पंचायत एवं बस स्टेंड में स्वच्छता कार्यक्रम करते हुए रैली का आयोजन किया गया, पॉलीथिन एवं प्लास्टिक कचरे को एकत्र किया गया, अन्य अपशिष्ट पदार्थ हटाए गए और नगरवासियों को श्रमदान एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया. इस जनजागरूकता अभियान में डॉ. संदीप द्विवेदी, श्वेता सिंह, डॉ. बी. जॉन, विजय यादव, हेमंत राजपूत, डॉ. गणेश खांडेकर, प्रतीक सिंह, संदीप सिंह, मनीष मुखर्जी, अनीष मिश्रा, टोकेश्वर टोडर, एम.एम. खान सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं एन.सी.सी. कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता रही.




**नवभारत** छत्तीसगढ़ • ओडिशा — Bilaspur Main - 03 Nov 2021 - 03bsp7

# प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने जागरूकता अभियान



**करगीरोड कोटा.** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, सी.एस.आर. महाविद्यालय, शासकीय डी.के.पी. उ.मा. विद्यालय तथा शासकीय उ. मा. विद्यालय सलका नवागांव की रा.से.यो. इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में कोटा नगर में प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए सामूहिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के रा.से.यो. समन्वयक डॉ. जय शंकर यादव ने राष्ट्र की एकता को बनाए रखने और आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान सुनिश्चित करने को लेकर स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई. कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने और सिंगल यूज प्लास्टिक से आजादी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वयंसेवकों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया और प्लास्टिक पर निर्भरता कम करने एवं प्लास्टिक बैग के बजाय जूट व कपड़े के थैलों का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया. कार्यक्रम अधिकारी विक्रम धर दीवान एवं शिवशंकर नामदेव ने बताया कि स्वच्छता सबसे जरूरी है और स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है. हम सभी का दायित्व है कि अपने घर, आसपास के क्षेत्र व अपने शहर को स्वच्छ रखें.

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur(C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
## Dist.-Bilaspur (C.G.)

NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015

E-Mail ID. : gnkckota@gmail.com    Telephone No : 07753-253210
Website : https://gnkckota.ac.in    Special College Code : 2809
AISHE Code : C-22387


==========================================================================

**DATE : 23.11.2021**

## AWARENESS PROGRAMME FOR INTELLECTUAL AND MENTAL DEVELOPMENT OF CHILDREN

**(बच्चों के बौद्धिक व मानसिक विकास के लिए जागरूकता कार्य)**

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा ग्रामीण बच्चों के बौद्धिक व मानसिक विकास के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस जनजागरूकता कार्यक्रम में मोहन वैष्णव, सुहानी जायसवाल सहित 22 रासेयो स्वयंसेवकों की सराहनीय भूमिका रही।

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur (C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
## Dist.-Bilaspur (C.G.)

**NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015**

E-Mail ID. : gnkckota@gmail.com
Website : https://gnkckota.ac.in
Telephone No : 07753-253210
Special College Code : 2809
AISHE Code : C-22387


==========================================================================

**DATE : 28.12.2021**

## AWARENESS PROGRAMME ON DEADDICTION
(नशा मुक्ति हेतु जागरूकता कार्य)

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा दिनांक 28.12.2021 को नशा मुक्ति हेतु जागरूकता कार्यक्रम कोटा विकास खंड में चलाया गया एवं ग्रामवासियों को नशे के दुष्परिणाम और हानियों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक मोहन वैष्णव, सुहानी जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur (C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
# Dist.-Bilaspur (C.G.)

NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015

E-Mail ID. : gnkckota@gmail.com
Website : https://gnkckota.ac.in

Telephone No : 07753-253210
Special College Code : 2809
AISHE Code : C-22387


==========================================================================

**DATE : 08.02.2022**

## "CHANGING NATURE OF COVID-19 INFECTION AND PREVENTIVE MEASURES" (COVID-19 AWARENESS PROGRAMME)

## "कोविड संक्रमण का बदलता स्वरुप एवं बचाव के उपाय"

## (कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम)

कोरोना वायरस के संक्रमण के बदलते स्वरूप डेल्टा एवं ओमिक्रॉन वैरिएंट को पहचानने और कोरोना को लेकर लोगों में फैली विभिन्न भ्रांतियों एवं अंधविश्वासों को दूर कर कोविड से बचाव के उपायों की जानकारी के प्रसार के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबंध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की यूथ रेड क्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय आयुर्वेद कॉलेज हॉस्पिटल बिलासपुर के शल्य तन्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह ने कोरोना के बदलते स्वरुप और इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों से संबन्धित व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी प्रदान की. उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया कि ओमीक्रॉन के संक्रमण में हल्का बुखार, सर्दी, थकान और गले में खराश जैसे लक्षण ज्यादा देखे जा रहे हैं. वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव इम्यूनिटी के विकास से ही संभव है. इसके लिए हमें मेडिकल साइंस के साथ-साथ योग, प्राणायाम और प्रकृति के द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य आयुर्वेदिक औषधियों का भी प्रयोग करना होगा. उन्होंने संक्रमण से बचाव के लिए नाक में सरसों या तिल का तेल डालने, गिलोय, नींबू, संतरा, अश्वगंधा, दालचीनी, मुलेठी का काढ़ा आदि का आवश्यकतानुसार सेवन करने आदि के फायदों की जानकारी प्रदान करते हुए सामाजिक दूरी की जगह शारीरिक दूरी बनाए रखने पर जोर दिया.

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. अमित दुबे, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करगीकला ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सर्दी, जुकाम, बुखार, सुगंध नहीं आना, स्वाद नहीं आना, सांस लेने में तकलीफ होना और गले का दुखना कोरोना के संक्रमण के लक्षण हैं. उन्होंने कोरोना की चेन को तोड़ने के लिए मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग आदि विभिन्न उपायों के साथ वैक्सीनेशन को जरूरी बताते हुए कहा कि वैक्सीनेशन का कोई साइड इफेक्ट नहीं है. वैक्सीनेशन होने से शरीर के अंदर एंटीबॉडी बनने शुरू हो जाते हैं और इन्फेक्शन रेट कम हो जाता है. यदि किसी व्यक्ति को दो वैक्सीनेशन के बाद इंफेक्शन हो भी जाता

है तो वह इंफेक्शन मामूली होगा और कोरोना से उस व्यक्ति की मृत्यु नहीं होगी. परिवारजनों में संक्रमण नहीं फैले इसके लिए सेनेटाइजर का उपयोग अवश्यक करें और कोरोना से बचाव के सभी उपाय अपनाएं.

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. साधना सिंह आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर बनारस ने इलाज से बेहतर रोकथाम है के विचार पर बल दिया. इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की. कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सुश्री सानिया तिवारी जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायपुर ने खुद ही नहीं सबको बचाओ की भावना पर बल देते हुए कोविड संक्रमण से बचने के एलोपैथिक इलाज की विस्तृत जानकारी प्रदान की.

कार्यक्रम के अध्यक्ष और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एल. काशी ने बताया कि सकारात्मक सोच, सामूहिक जिम्मेदारी और जन जागरूकता के माध्यम से ही कोरोना को समाप्त किया जा सकता है. उन्होंने सभी से मास्क लगाए रखने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा सरकार द्वारा तय की गई गाइडलाइन का पालन करने की बात कही. कार्यक्रम की संयोजक रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. संजू पाण्डेय ने बताया कि कोविड महामारी के कारण अभूतपूर्व स्वास्थ्य संकट देश के सभी हिस्सों को प्रभावित कर रहा है और अपने नागरिकों के जीवन स्तर और आजीविका को बदल रहा है। संकट काल के दौरान, कोविड वारियर्स और फ्रंटलाइन वर्कर्स के प्रयास और समर्पण अनुकरणीय हैं।

कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं कोरोना को लेकर विभिन्न वर्गों में फैली भ्रांतियों को दूर करने हेतु स्वयंसेवकों के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की. इसके पश्चात विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया गया. आयोजन सचिव डॉ. नीलम त्रिवेदी के द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए दिन-रात अपना फर्ज़ निभा रहे सभी डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्य कर्मचारी, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, सफाई कर्मचारी, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया और कोरोना योद्धाओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया. इस कोविड जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा रासेयो स्वयंसेवकों की सराहनीय भूमिका रही.

(वेबीनार—आमंत्रण)

MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS
Government of India

# कोविड संक्रमण का बदलता स्वरूप एवं बचाव के उपाय

(यूथ रेडक्रास सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कोविड—19 जागरूकता कार्यक्रम)

दिनांक :— 08 फरवरी 2022 (मंगलवार)
समय :— अपराह्न 12:00 से 01:00 बजे तक



मुख्य अतिथि
**Dr. BRIJESH SINGH**
HOD., Shalya Tantra
Govt. Ayurved College Hospital
Bilaspur (C.G.)



विशिष्ट अतिथि
**Dr. AMIT DUBEY**
Rural Medical Asst.
Primary Health Centre
Kargikala, Kota (C.G.)



विशिष्ट अतिथि
**Dr. SADHNA SINGH**
Ayurved Medical Officer
Bilaspur (C.G.)



विशिष्ट अतिथि
**Ms. SANYA TIWARI**
JNM. Medical College
Raipur (C.G.)



अध्यक्ष / संरक्षक
**Prof. B. L. KASHI**
Principal
Govt. N. K. College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)



संयोजक
**Dr. SANJU PANDEY**
Nodal Officer, Youth Red Cross
Govt. N. K. College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)



सह—संयोजक
**Mr. SHITESH JAIN**
Programme Officer, NSS
Govt. N. K. College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)



आयोजन सचिव
**Dr. NEELAM TRIVEDI**
HOD. Commerce
Govt. N. K. College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)

आयोजक
शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा
जिला—बिलासपुर (छ.ग.)

**Contact Details**
**Mobile No. :** 9827410088, 7089669695
**E-Mail** : gnkckota@gmail.com

Google Meet

**Registration Link** : https://forms.gle/5a3pLoAhpyhVkTq4A
**Google Meet Link :** https://meet.google.com/umf-qrjm-hcm

नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Bilaspur Main - 10 Feb 2022 - 10bsp 7

# मजबूत इम्यूनिटी से ही कोरोना से होगा बचावः डॉ. सिंह

**निरंजन केशरवानी कॉलेज में कोविड जागरूकता कार्यक्रम**



**करगीरोड कोटा.** कोरोना वायरस के संक्रमण के बदलते स्वरूप डेल्टा एवं ओमिक्रॉन वेरिएंट को पहचानने और कोरोना को लेकर लोगों में फैली विभिन्न भ्रांतियों एवं अंधविश्वासों को दूर कर कोविड से बचाव के उपायों की जानकारी के प्रसार के उद्देश्य से शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की यूथ रेड क्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय आयुर्वेद कॉलेज हॉस्पिटल के शल्य तन्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह ने कोरोना के बदलते स्वरुप और इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों से संबन्धित व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी प्रदान की. उन्होंने बताया कि ओमीक्रॉन के संक्रमण में हल्का बुखार, सदी, थकान और गले में खराश जैसे लक्षण ज्यादा देखे जा रहे हैं. वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव इम्यूनिटी के विकास से ही संभव है. इसके लिए हमें मेडिकल साइंस के साथ-साथ योग, प्राणायाम और प्रकृति के द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य आयुर्वेदिक औषधियों का भी प्रयोग करना होगा. डॉ. साधना सिंह आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर बनारस ने इलाज से बेहतर रोकथाम है के विचार पर बल दिया. सुश्री सानिया तिवारी जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायपुर ने खुद ही नहीं सबको बचाओ की भावना पर बल देते हुए कोविड संक्रमण से बचने के एलोपैथिक इलाज की विस्तृत जानकारी प्रदान की. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने बताया कि सकारात्मक सोच, सामूहिक जिम्मेदारी और जन जागरूकता के माध्यम से ही कोरोना को समाप्त किया जा सकता है. कार्यक्रम की संयोजक रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. संजू पाण्डेय ने कहा कि संकट काल के दौरान, कोविड वारियर्स और फ्रंटलाइन वर्कर्स के प्रयास और समर्पण अनुकरणीय हैं.कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने भी बातें रखी. इसके पश्चात विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया गया.

**वैक्सीनेशन से इन्फेक्शन रेट हो जाता है कम**

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. अमित दुबे ग्रामीण चिकित्सा सहायक ने बताया कि कोरोना की चेन को तोड़ने के लिए मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग आदि विभिन्न उपायों के साथ वैक्सीनेशन को जरूरी बताते हुए कहा कि वैक्सीनेशन का कोई साइड इफेक्ट नहीं है. वैक्सीनेशन होने से शरीर के अंदर एंटीबॉडी बनने शुरू हो जाते हैं और इन्फेक्शन रेट कम हो जाता है. यदि किसी व्यक्ति को दो वैक्सीनेशन के बाद इंफेक्शन हो भी जाता है तो वह इंफेक्शन मामूली होगा और व्यक्ति की मृत्यु नहीं होगी.

दैनिक भास्कर

बिलासपुर भास्कर 11-02-2022

# योग व प्राणायाम जरूरी हैः डॉ. सिंह

## निरंजन केशरवानी कॉलेज में कोविड जागरूकता कार्यक्रम

सिटी रिपोर्टर | बिलासपुर

कोरोना वायरस के संक्रमण के बदलते स्वरूप डेल्टा एवं ओमिक्रॉन वेरिएंट को पहचानने और कोरोना को लेकर लोगों में फैली विभिन्न भ्रांतियों एवं अंधविश्वासों को दूर कर इससे बचाव के उपायों को लेकर शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि शासकीय आयुर्वेद कॉलेज के शल्य तन्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह रहे। उन्होंने बताया कि वर्तमान वेरिएंट दूसरे वेरिएंट से 70% ज्यादा सक्रिय है, लेकिन इसकी मृत्यु दर अत्यंत कम है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सामाजिक दूरी की जगह शारीरिक दूरी बनाए रखने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने घरेलू उपाय के साथ-साथ



योग एवं प्राणायाम करने पर विशेष जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अमित दुबे रहे। उन्होंने ने सभी को कोरोना से बचाव के लिए उचित व्यवहार अपनाने को कहा। उन्होंने मास्क, सेनेटाइजर एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं डॉ. साधना सिंह ने विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों के बारे में भी विविध जानकारी प्रदान की। सान्या तिवारी ने "खुद ही नहीं सबको बचाओ अर्थात कोविड टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मंच संचालन डॉ. संजू पाण्डेय ने किया।

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur(C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
## Dist.-Bilaspur (C.G.)

**NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015**

**E-Mail ID.** : gnkckota@gmail.com **Telephone No** : 07753-253210
**Website** : https://gnkckota.ac.in **Special College Code** : 2809
**AISHE Code** : C-22387

==========================================================

**DATE : 16.02.2022**

## CYBER SECURITY AND FINANCIAL AWARENESS PROGRAMME
## (साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम)

ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कोविड के इस दौर में तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम से बचाव एवं वित्तीय जागरूकता के प्रसार के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबंध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, वाणिज्य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रशिक्षक मोहम्मद जफरुद्दीन ने अपने उद्बोधन ने बताया कि जहां तकनीक ने हमारे जीवन को सुविधा संपन्न बनाया है, ऑनलाइन खरीदारी में बढ़ोतरी हुई है वहीं दूसरी ओर सोशल साइट्स और विभिन्न माध्यमों से हमारी निजी सूचनाएं एवं जानकारियां भी सार्वजनिक की जा रही हैं, इसीलिए साइबर क्राइम एवं ऑनलाइन ठगी एक आम समस्या बन गई है. इस प्रकार की ठगी से तभी बचा जा सकता है जब हम ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते समय सतर्क एवं जागरूक रहें. इसके लिए अपने पासवर्ड को गुप्त रखें, इन्हें समय-समय पर बदलते रहें तथा अपना ओ.टी.पी. किसी को ना बताएं. उन्होंने विद्यार्थियों से बचत एवं सही निवेश की आवश्यकता के विभिन्न पहलुओं पर बल देते हुए बताया कि विनियोग की पुरातन पद्धति बैंक एवं पोस्ट ऑफिस के फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट से हटकर हमें विनियोग के नए तरीकों पी.पी.एफ., सुकन्या समृद्धि योजना, म्यूच्यूअल फंड, शेयर मार्केट को अपनाना होगा क्योंकि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह न केवल लाभदायक बल्कि भविष्य के सपनों को पूरा करने का अच्छा माध्यम है. उन्होंने निवेशकों की सुरक्षा तथा हितों को लेकर सेबी द्वारा लागू किए जा रहे नियमों तथा पहलुओं की भी विस्तार से चर्चा की और कहा कि किसी भी व्यक्ति को सेबी से पंजीकृत कंपनी या शासन के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था में ही निवेश करना चाहिए.

कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने बताया कि आज का सतर्क युवा ही देश का सुनहरा भविष्य है. वित्तीय योजना बनाने के लिए सबसे पहले अपने लक्ष्य को स्थापित करना होगा. परिवार की आर्थिक सुरक्षा, भविष्य की बेहतरी, स्वास्थ, शिक्षा एवं अन्य सामाजिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए जिस रकम की जरूरत होगी वह कड़ी मेहनत, सतर्कता और जागरूकता से ही संचित हो सकेगी.

कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभाग के प्रो. शितेष जैन ने बताया कि साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है. वित्तीय जागरूकता के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निवेशकों के हितों की सुरक्षा करना है, ताकि वे अपने विकल्पों का चयन अच्छी तरह से समझ-बूझकर कर सकें और वितीय लेन-देन के मामले में विभिन्न प्रकार की चिटफंड और नेटवर्क मार्केटिंग कंपनियों की धोखाधड़ी से बच सकें. उन्होंने विद्यार्थियों से एटीएम डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के पासवर्ड, ओटीपी को किसी भी व्यक्ति के साथ शेयर ना करने और लुभावने विज्ञापन के लिंक पर क्लिक नहीं करने की अपील की. राजनीतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जे. के. द्विवेदी ने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए प्राइवेसी और जागरुकता दोनों जरूरी है. गोपनीय डाटा लीक होने का फायदा ही साइबर अपराधी उठाते हैं. जब तक हम अपने डाटा की प्राइवेसी भंग नहीं करेंगे तब तक साइबर अपराध से बचे रहेंगे. उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने जीवन में अपनी सुरक्षा के उपाय खुद करते हैं, ठीक उसी तरह वर्चुअल दुनिया में भी सुरक्षा के उपाय करने होंगे.

कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सन्जू पाण्डेय ने किया. इस वेबिनार में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, बचत, निवेश, म्यूच्यूअल फंड, शेयर बाजार और बैंकिंग प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई. इस वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे.






**बिलासपुर आंचलिक** 17-02-2022

# ऑनलाइन लेनदेन के दौर में साइबर क्राइम से बचाव के लिए सतर्कता जरूरीः जफरुद्दीन

## बढ़ रहे साइबर क्राइम, इसलिए बचाव के उपाय के लिए जागरूकता कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़|कोटा



कोटा कॉलेज में साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए।

ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कोविड के इस दौर में तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम से बचाव के उपाय व जागरूक किया जा रहा है। इसके प्रसार के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबंध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, वाणिज्य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग व बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रशिक्षक मोहम्मद जफरुद्दीन ने अपने उद्बोधन ने बताया कि जहां तकनीक ने हमारे जीवन को सुविधा संपन्न बनाया है। ऑनलाइन खरीदारी में बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर सोशल साइट्स और विभिन्न माध्यमों से हमारी निजी सूचनाएं व जानकारियां भी सार्वजनिक की जा रही हैं। इसलिए साइबर क्राइम व ऑनलाइन ठगी एक आम समस्या बन गई है। इस प्रकार की ठगी से तभी बचा जा सकता है जब हम ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते समय सतर्क व जागरूक रहें। इसके लिए अपने पासवर्ड को गुप्त रखें, इन्हें समय-समय पर बदलते रहें और अपना ओटीपी किसी को न बताएं। उन्होंने बताया कि विनियोग की पुरातन पद्धति बैंक व पोस्ट ऑफिस के फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट से हटकर हमें विनियोग के नए तरीकों पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना, म्यूच्यूअल फंड, शेयर मार्केट में अब निवेश करना होगा।

### वर्तमान का सतर्क युवा ही देश का सुनहरा भविष्य

कार्यक्रम के अध्यक्ष कॉलेज के प्राचार्य प्रो. बीएल काशी ने बताया कि आज का सतर्क युवा ही देश का सुनहरा भविष्य है। वित्तीय योजना बनाने के लिए सबसे पहले अपने लक्ष्य को स्थापित करना होगा। परिवार की आर्थिक सुरक्षा, भविष्य की बेहतरी, स्वास्थ, शिक्षा व अन्य सामाजिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए जिस रकम की जरूरत होगी।

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur (C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
# Dist.-Bilaspur (C.G.)

**NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015**

E-Mail ID. : gnkckota@gmail.com
Website : https://gnkckota.ac.in

Telephone No : 07753-253210
Special College Code : 2809
AISHE Code : C-22387


==========================================================

**DATE : 23.02.2022**

## NATIONAL TOBACCO CONTROL PROGRAMME
## (राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम)

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा में जिला स्वास्थय समिति, यूथ रेडक्रास सोसाइटी, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र रतनपुर के हैल्थ काउन्सलर सूर्य प्रकाश जायसवाल ने मानव शरीर में होने वाली विभिन्न प्रकार के बीमारियों एवं इससे होने वाली हानियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के दौर में अधिकाशंतः लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन से हो रही है। युवा पीढ़ी इसका सबसे अधिक शिकार हो रही है। तम्बाकू के सेवन से न केवल कैंसर होता है बल्कि हृदय रोग, मधुमेह, क्षयरोग, लकवा, दमा, फेफड़े संबंधी बीमारियां आदि होती हैं जिससे असमय मृत्यु हो जाती है। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण एवं धूम्रपान से संबंधित कोटपा एक्ट 2003 में पारित किया है। जिसके अन्तर्गत तम्बाकू के खुले बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध, तम्बाकू संबंधित उत्पाद के पैकेट पर चित्रात्मक वैधानिक चेतावनी, नाबालिग को तम्बाकू उत्पादों के बिक्री व खरीदी पर दण्डात्मक कार्रवाई, शिक्षण संस्थान के 100 गज दायरे पर तम्बाकू बिक्री पर दण्डात्मक कार्यवाही आदि अनिवार्य किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने बताया कि सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की एक सराहनीय पहल है कि कॉलेज के बच्चों को तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में बताया जाय ताकि बच्चे अपने घर एवं आसपास के लोगों को तंबाकू से होने वाली हानियों की जानकारी दे सके। रेडक्रास प्रभारी डॉ. संजू पाण्डेय ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के नशे की आदत से दूर रहें तथा अपने परिवार के उन सदस्यों को स्वास्थ्य केन्द्र में स्थित परामर्श केन्द्र अवश्य भेजें जो तम्बाकू का सेवन करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बताया कि नशामुक्ति के लिये लोगों को प्रेरित करने तथा तम्बाकू की आदत से मुक्त कराने के उद्देश्य से कॉलेज में नियमित रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र रतनपुर के सनत जायसवाल, कॉलेज के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं रा.से.यो. के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur (C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College, Kota
## Dist.-Bilaspur (C.G.)


**NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015**

E-Mail ID. : gnkckota@gmail.com  
Website : https://gnkckota.ac.in

Telephone No : 07753-253210  
Special College Code : 2809  
AISHE Code : C-22387


**DATE : 27.02.2022**

## CAREER GUIDANCE PROGRAM
## (कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम)

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा के ग्राम सजापाली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन विशिष्ट अतिथि सुजीत पात्रे अधीनस्थ लोक सेवा अधिकारी ने ग्राम वासियों एवं स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए बताया कि कैरियर और सफलता के लिए गांव और शहर की परिस्थितियां मायने नहीं रखती बल्कि सफलता के लिए मजबूत इच्छाशक्ति का होना जरूरी है. हम ही अपने जीवन के शिल्पकार हैं. विशिष्ट अतिथि प्रो. शान्तनु घोष एवं श्रीमती पिंकी घोष, अधिवक्ता ने स्वयंसेवकों को बताया कि सफलता के लिए समय का सदुपयोग और अनुशासन बेहद जरूरी है. बिना अनुशासन कोई भी सफलता हासिल नहीं किया जा सकता है. कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने स्वयंसेवकों से सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की अपील करते हुए बताया कि सकारात्मक सोच हमारे चरित्र और व्यक्तित्व के निर्माण में अहम भूमिका होती है. इससे शांति के साथ ही परिवार और परिवेश में शालीनता आती है. अच्छे विचारों का संचरण होता है और समाज में खुशहाली मिलती है. कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक भूपेंद्र कोसले ने एवं आभार प्रदर्शन रविशंकर मरावी ने किया इस शिविर में सजापाली के ग्रामवासी, शिक्षक, कर्मचारी एवं कॉलेज के 50 स्वयंसेवक उपस्थित थे.



# योग से बढ़ती है मानसिक एकाग्रता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करगीरोड कोटा

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज के ग्राम सजापाली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर कविलाश साहू शामिल हुए।




शिविर में श्री साहू ने ध्यान, योग एवं बौद्धिक विकास विषय पर अपना उद्बोधन देते हुए बताया कि जीवन में सफलता के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। योग से शारीरिक और मानसिक एकाग्रता बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि सुजीत पात्रे अधीनस्थ लोक सेवा अधिकारी ने बताया कि कैरियर और सफलता के लिए गांव और शहर की परिस्थितियां मायने नहीं रखतीं बल्कि सफलता के लिए मजबूत इच्छाशक्ति का होना जरूरी है। हम ही अपने जीवन के शिल्पकार हैं। अतिथि अधिवक्ता पिंकी घोष ने स्वयंसेवकों को बताया कि सफलता के लिए समय का सदुपयोग और अनुशासन बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक भूपेंद्र कोसले ने एवं आभार प्रदर्शन रविशंकर मरावी ने किया। शिविर में सजापाली के ग्रामवासी, शिक्षक, कर्मचारी एवं कॉलेज के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

**हरिभूमि : 01.03.2022**
**NSS CAMP : GOVT. N. K. COLLEGE KOTA**

**NSS Programme Officer**
Govt. Niranjan Kesharwani College
Dist.-Bilaspur (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Niranjan Kesharwani College
Kota Dist - Bilaspur(C.G.)